Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

Test Date	13/08/2025
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB NTPC Under Graduate CBT I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Awareness**

Q.1 पृथ्वी अपनी धुरी पर एक घूर्णन लगभग कितने समय में पूरा करती है?

Ans
✔ 1. 24 घंटे
✘ 2. 365 दिन
✘ 3. 30 दिन
✘ 4. 12 घंटे

Q.2 1 फरवरी 2025 से 8 फरवरी 2025 तक बेंगलुरु में आयोजित भारत के अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव, भारत रंग महोत्सव (BRM) का आयोजन निम्नलिखित में से किस संस्था द्वारा किया गया था?

Ans
✘ 1. भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद
✘ 2. संगीत नाटक अकादमी
✘ 3. कालिदास कलाकेन्द्रम
✔ 4. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय

Q.3 भारत के निम्नलिखित में से किस भौगोलिक क्षेत्र में, जनसंख्या के एक महत्वपूर्ण हिस्से द्वारा कुमाऊँनी बोली जाती है?

Ans
✘ 1. जम्मू और कश्मीर
✘ 2. हिमाचल प्रदेश
✔ 3. उत्तराखंड
✘ 4. पश्चिम बंगाल

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, आयनिक आबंध द्वारा निर्मित यौगिक का सही निरूपण करता है?

Ans
✘ 1. H_2O
✘ 2. CO_2
✔ 3. NaCl
✘ 4. NH_3

Q.5 गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 7 मई, 2025 को आयोजित किस राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास में आपातकालीन तैयारियों को बढ़ाने के लिए भारत भर के 244 जिलों को शामिल किया गया?

Ans
✘ 1. ऑपरेशन त्रिनेत्र
✘ 2. ऑपरेशन सुरक्षा
✔ 3. ऑपरेशन अभ्यास
✘ 4. ऑपरेशन रक्षा

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.6 कुछ राज्यों के लिए विशेष प्रावधान भारतीय संविधान के किस भाग के अंतर्गत आते हैं?

Ans
- ✔ 1. भाग XXI
- ✘ 2. भाग XIX
- ✘ 3. भाग XX
- ✘ 4. भाग XXII

Q.7 वेब ब्राउज़र में कीबोर्ड शॉर्टकट Ctrl + R क्या करता है?

Ans
- ✔ 1. एक्टिव विंडो को रिफ्रेश करता है
- ✘ 2. किसी फ़ाइल या फ़ोल्डर को रिनेम करता है
- ✘ 3. प्रोग्राम रन करता है
- ✘ 4. डिलीट की गयी फ़ाइलें पुनर्स्थापित करता है

Q.8 निर्यातोन्मुखी औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) स्थापित किए गए थे। SEZ में कार्य करने वाली फर्मों को दिया जाने वाला प्राथमिक प्रोत्साहन क्या है?

Ans
- ✘ 1. विदेशी निवेश पर प्रतिबंध
- ✘ 2. सख्त श्रम कानून
- ✘ 3. उच्च आयात शुल्क
- ✔ 4. कर अवकाश और अवसंरचना सपोर्ट

Q.9 भारत का पहला एकीकृत API ग्रीन हाइड्रोजन और 2G इथेनॉल संयंत्र किस राज्य में स्थापित किया गया है?

Ans
- ✔ 1. हिमाचल प्रदेश
- ✘ 2. गोवा
- ✘ 3. आंध्र प्रदेश
- ✘ 4. उत्तराखंड

Q.10 निम्नलिखित में से किस ब्रिटिश अधिकारी ने भारत को एक असभ्य देश पाया और उसे सभ्य बनाना आवश्यक समझा, जिसके बाद अंग्रेजी शिक्षा अधिनियम, 1835 पुरःस्थापित किया गया?

Ans
- ✘ 1. हेनरी थॉमस कोलब्रुक (Henry Thomas Colebrooke)
- ✔ 2. थॉमस मैकाले (Thomas Macaulay)
- ✘ 3. नाथनियल हाल्हेड (Nathaniel Halhed)
- ✘ 4. विलियम जोन्स (William Jones)

Q.11 स्वर्ण पत्रक प्रयोग के माध्यम से, नाभिक की खोज करने का श्रेय किसे दिया जाता है?

Ans
- ✘ 1. बोहर (Bohr)
- ✔ 2. अर्नेस्ट रदरफोर्ड (Ernest Rutherford)
- ✘ 3. जॉन डाल्टन (John Dalton)
- ✘ 4. लेवोजियर (Lavoisier)

Q.12 टिहरी बांध, जो बिजली उत्पादन सहित कई अन्य उद्देश्यों की पूर्ति करता है, किस नदी पर बनाया गया है?

Ans
- ✔ 1. भागीरथी
- ✘ 2. गंगा
- ✘ 3. यमुना
- ✘ 4. सतलुज

Q.13 नवंबर 2024 में, नागालैंड के किस जिले को आधिकारिक तौर पर राज्य का 17वां जिला घोषित किया गया?

Ans
- ✘ 1. शामतोर (Shamator)
- ✘ 2. नोकलक (Noklak)
- ✔ 3. मेलुरी (Meluri)
- ✘ 4. त्सेमिन्यु (Tseminyu)

Q.14 ICC महिला T20I क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 अमेलिया केर (Amelia Kerr) निम्नलिखित में से किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?

Ans
✗ 1. दक्षिण अफ्रीका
✓ 2. न्यूज़ीलैंड
✗ 3. ऑस्ट्रेलिया
✗ 4. इंग्लैंड

Q.15 भारत सरकार की विनिवेश नीति के अंतर्गत 2000 के दशक में किस प्रमुख भारतीय कंपनी का निजीकरण किया गया था?

Ans
✗ 1. ISRO
✓ 2. मारुति उद्योग लिमिटेड (Maruti Udyog Limited)
✗ 3. LIC
✗ 4. BSNL

Q.16 संपीडित बायो गैस (CBG) पर निम्नलिखित में से कौन-सी योजना, उद्यमियों को CBG संयंत्र स्थापित करने, ऑटोमोटिव और औद्योगिक ईंधन के रूप में बिक्री हेतु तेल विपणन कंपनियों (OMCs) को CBG का उत्पादन और आपूर्ति करने के लिए प्रोत्साहित करती है?

Ans
✓ 1. किफायती परिवहन के लिए सतत विकल्प (SATAT)
✗ 2. सेंट संपीडित बायो गैस (CBG) योजना (भारत)
✗ 3. बायोगैस कार्यक्रम (भारत)
✗ 4. अपशिष्ट से ऊर्जा कार्यक्रम (भारत)

Q.17 मई 2025 में, भारत की जीनोम-एडिटिंग (genome-editing) पहल के एक भाग के रूप में निम्नलिखित में से किन चावल की दो किस्मों का अनावरण किया गया?

Ans
✗ 1. कमला और बासमती गोल्ड (Kamala and Basmati Gold)
✓ 2. कमला और पूसा DST चावल 1 (Kamala and Pusa DST Rice 1)
✗ 3. पूसा DST चावल 2 और स्वर्ण चावल (Pusa DST Rice 2 and Swarna Rice)
✗ 4. स्वर्ण चावल और गोल्डन चावल (Swarna Rice and Golden Rice)

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा, लक्षद्वीप द्वीप समूह से संबंधित है?

Ans
✗ 1. कामोर्टा द्वीप
✗ 2. मिलो द्वीप
✓ 3. कन्नूर द्वीप
✗ 4. चौरा द्वीप

Q.19 जब कोई यूजर एमएस विंडोज में किसी फ़ाइल को रिनेम करता है, तो क्या होता है?

Ans
✗ 1. फ़ाइल डिलीट कर दी जाती है और एक नई फ़ाइल बनाई जाती है।
✗ 2. फ़ाइल को किसी दूसरे फ़ॉर्मेट में कनवर्ट कर दिया जाता है।
✓ 3. फ़ाइल का नाम चेंज कर दिया जाता है, लेकिन इसकी सामग्री (content) वही रहती है।
✗ 4. फ़ाइल को किसी दूसरे स्थान पर ले जाया जाता है।

Q.20 निम्नलिखित में से किस केन्द्रीय सेवा में अपने समकक्षों के बीच सर्वोच्च प्रतिष्ठा, वेतन और परिलब्धियां प्राप्त होती हैं?

Ans
✗ 1. भारतीय डाक सेवा
✗ 2. भारतीय रक्षा लेखा सेवा
✓ 3. भारतीय विदेश सेवा
✗ 4. भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा

Q.21 24 मई 2025 को आयोजित नीति आयोग (NITI Aayog) की 10वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक की थीम क्या थी?

Ans
✗ 1. विकास के लिए राज्यों का सशक्तिकरण (Empowering States for Development)
✗ 2. भारत के लिए संधारणीय विकास (Sustainable Growth for India)
✓ 3. विकसित भारत@2047 के लिए विकसित राज्य (Viksit Rajya for Viksit Bharat@2047)
✗ 4. सभी के लिए विकसित भारत (Viksit Bharat for All)

Q.22 निम्नलिखित में से किस ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने, भारत देश को स्वतंत्र करने और उपमहाद्वीप से ब्रिटिश सेना वापस बुलाने के निर्णय की आधिकारिक घोषणा की थी?

Ans
✓ 1. क्लीमेंट एटली (Clement Atlee)
✗ 2. विंस्टन चर्चिल (Winston Churchill)
✗ 3. पेथिक लॉरेंस (Pethick Lawrence)
✗ 4. स्टैफोर्ड क्रिप्स (Stafford Cripps)

Q.23 2025 में किस अभ्यास में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका जल-थल युद्ध पद्धति और HADR पर ध्यान केंद्रित करेंगे?

Ans
✗ 1. अभ्यास मालाबार
✗ 2. अभ्यास वज्र प्रहार
✗ 3. अभ्यास युद्ध अभ्यास
✓ 4. अभ्यास टाइगर ट्रायम्फ

Q.24 श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन (SPMRM) का प्राथमिक उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
✓ 1. शहरी जैसी सुविधाओं के साथ ग्रामीण क्लस्टरों का विकास
✗ 2. ग्रामीण क्षेत्रों में 100 दिनों का वेतन रोजगार सुनिश्चित करना
✗ 3. ग्रामीण घरों का विद्युतीकरण
✗ 4. ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल विकास

Q.25 निम्नलिखित में से किस खनिज को भारत में 'ब्राउन गोल्ड (Brown Gold)' के नाम से जाना जाता है?

Ans
✗ 1. अभ्रक
✓ 2. लिग्नाइट
✗ 3. तांबा
✗ 4. बॉक्साइट

Q.26 मुगल काल में, _____ ने आइन-ए-दहसाला प्रणाली प्रारंभ की थी।

Ans
✓ 1. अकबर
✗ 2. शाहजहाँ
✗ 3. औरंगज़ेब
✗ 4. बाबर

Q.27 बंगाल की खाड़ी के अनुदिश मैदानों के उत्तरी भाग को उत्तरी सरकार (Northern Circar) कहा जाता है, जबकि दक्षिणी भाग को _____ के रूप में जाना जाता है।

Ans
✗ 1. दक्षिणी सरकार
✓ 2. कोरोमंडल तट
✗ 3. आंध्र मैदान
✗ 4. उत्कल मैदान

Q.28 भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) का कार्यकाल क्या होता है?

Ans
✗ 1. 4 वर्ष या 60 वर्ष की आयु तक
✗ 2. 5 वर्ष या 62 वर्ष की आयु तक
✗ 3. 6 वर्ष या 60 वर्ष की आयु तक
✓ 4. 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक

Q.29 निम्नलिखित में से कौन-सी रासायनिक अभिक्रिया संतुलित समीकरण का निरूपण नहीं करती है?

Ans
- ✔ 1. $4Fe + 3H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + 2H_2$
- ✘ 2. $2Fe + 3H_2O \rightarrow Fe_2O_3 + 3H_2$
- ✘ 3. $3Fe + 4H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + 4H_2$
- ✘ 4. $Fe + H_2O \rightarrow FeO + H_2$

Q.30 संविधान का कौन-सा अनुच्छेद लोकसभा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों के आरक्षण से संबंधित है?

Ans
- ✘ 1. अनुच्छेद 331
- ✔ 2. अनुच्छेद 330
- ✘ 3. अनुच्छेद 334
- ✘ 4. अनुच्छेद 332

Q.31 किस अधिनियम ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) को सांविधिक दर्जा दिया?

Ans
- ✘ 1. केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 1964
- ✘ 2. लोकपाल अधिनियम, 2013
- ✘ 3. भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988
- ✔ 4. केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003

Q.32 मार्च 2025 में, किस कंपनी ने उद्यमों के लिए समग्र AI क्लाउड पेशकश, वायु (Vayu) का अनावरण किया?

Ans
- ✘ 1. रिलायंस कम्युनिकेशन
- ✔ 2. टाटा कम्युनिकेशन
- ✘ 3. बजाज कम्युनिकेशन
- ✘ 4. एयरटेल कम्युनिकेशन

Q.33 असमिया साहित्य में उनके योगदान के लिए वर्ष 2025 में, ल्यूमिनस लम्मेर दाई साहित्य पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?

Ans
- ✘ 1. निरुपमा बोरगोहेन
- ✘ 2. होमेन बरगोहाईं
- ✔ 3. रामचन्द्र चुटिया
- ✘ 4. इंदिरा गोस्वामी

Q.34 मई 2025 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निम्नलिखित में से किस योजना के अंतर्गत 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण किया?

Ans
- ✘ 1. भारतमाला योजना
- ✔ 2. अमृत भारत स्टेशन योजना
- ✘ 3. उड़ान योजना
- ✘ 4. स्मार्ट रेल मिशन

Q.35 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 79 के अनुसार, भारत की संसद _____ से मिलकर बनती है।

Ans
- ✘ 1. प्रधानमंत्री, लोकसभा और राज्यसभा
- ✘ 2. राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री
- ✔ 3. राष्ट्रपति, लोकसभा और राज्यसभा
- ✘ 4. केवल लोकसभा और राज्यसभा

Q.36 निम्नलिखित में से किस वैदिक शब्द का शाब्दिक अर्थ गायों की खोज है और यह युद्ध को भी संदर्भित करता है?

Ans
✗ 1. दुहित्री
✓ 2. गवेषणा
✗ 3. गोपाल
✗ 4. गोमत

Q.37 मई 2025 में, शिक्षा मंत्रालय ने स्कूलों एवं कॉलेजों में एक राष्ट्रव्यापी प्रवर्तन अभियान प्रारंभ करने का उद्देश्य क्या है?

Ans
✓ 1. शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू एवं नशीले पदार्थों से मुक्त बनाना
✗ 2. सकारात्मक परिसर संस्कृति को बढ़ावा देना और रैगिंग की घटनाओं को रोकना
✗ 3. छात्राओं के लिए सुरक्षा उपायों में सुधार करना
✗ 4. मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर ध्यान केंद्रित करना

Q.38 संरचनात्मक बेरोजगारी का उदाहरण निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
✗ 1. मंदी के कारण नौकरी गंवाने वाला कर्मचारी
✗ 2. नौकरी के अवसरों की कमी के कारण कार्य न करने का विकल्प चुनने वाला एक कर्मचारी
✓ 3. एक कर्मचारी जो नए और विस्तारित उद्योग में कौशल की कमी के कारण नौकरी पाने में असमर्थ है
✗ 4. भेदभाव के कारण नौकरी न पाने वाला एक कर्मचारी

Q.39 रॉलेट बिल के विरोध में 24 फरवरी 1919 को बॉम्बे में सत्याग्रह सभा का गठन निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया गया था?

Ans
✗ 1. सरदार वल्लभभाई पटेल
✗ 2. मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
✗ 3. मोतीलाल नेहरू
✓ 4. महात्मा गांधी

Q.40 अप्रैल 2025 में जारी IMF के वर्ल्ड इकॉनोमिक आउटलुक के अनुसार, वर्ष 2025 के लिए भारत की अनुमानित आर्थिक वृद्धि दर कितनी है?

Ans
✓ 1. 6.2%
✗ 2. 5.6%
✗ 3. 6.5%
✗ 4. 4.8%

Section : Mathematics

Q.1 यदि अंकित मूल्य पर, 40% की एकल छूट तथा 15% और 20% की दो क्रमिक छूटों के विक्रय मूल्यों का अंतर ₹400 है, तो अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹4,950
✗ 2. ₹4,900
✓ 3. ₹5,000
✗ 4. ₹5,150

Q.2 △ABC में, D पर BD ⊥ AC है और ∠DBC = 76° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि ∠CAE = 74° है। ∠AEB की माप कितनी है?

Ans
✗ 1. 99°
✓ 2. 88°
✗ 3. 77°
✗ 4. 100°

Q.3 संख्या 587407 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
✗ 1. 34
✗ 2. 43
✗ 3. 47
✓ 4. 41

Q.4 प्रथम 161 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 161.5
✗ 2. 162.5
✗ 3. 163
✓ 4. 162

Q.5 एक शर्ट का अंकित मूल्य ₹1,250 है; दुकानदार 'चार खरीदो दो मुफ़्त पाओ' की स्कीम चलाता है। छह शर्ट खरीदने के लिए ग्राहक को कितनी राशि चुकानी होगी?

Ans
✗ 1. ₹4,500
✓ 2. ₹5,000
✗ 3. ₹5,200
✗ 4. ₹4,200

Q.6 $x(2x - 8) + 5(x^2 - 3) + 12$ को सरल कीजिए।

Ans
✗ 1. $-7x^2 - 8x + 3$
✗ 2. $7x^2 - 8x + 3$
✗ 3. $-7x^2 - 8x - 3$
✓ 4. $7x^2 - 8x - 3$

Q.7 M और N एक व्यवसाय शुरू करते हैं। M, 2 महीने के लिए, N के निवेश से ₹38,000 अधिक निवेश करता है और N, 3 महीने के लिए निवेश करता है। कुल लाभ ₹6,915 में से M का हिस्सा, N के हिस्से से ₹461 अधिक है। M द्वारा निवेशित पूंजी ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹91,000
✗ 2. ₹91,400
✓ 3. ₹91,200
✗ 4. ₹91,800

Q.8 पाइप P, किसी टैंक के $\frac{7}{9}$ भाग को 14 घंटे में भर सकता है, और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{5}{9}$ भाग को 20 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 2 घंटे के लिए चालू रखा जाता है, फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर पाइप R को अकेले चालू किया किया जाता है जो टैंक के पानी को 6 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

Ans
✓ 1. 18 घंटे
✗ 2. 19 घंटे
✗ 3. 12 घंटे
✗ 4. 3 घंटे

Q.9 $\sqrt{144} + \sqrt{0.0225} - \sqrt{6.25} =$

Ans
✗ 1. 7.22
✗ 2. 6.94
✓ 3. 9.65
✗ 4. 3.27

Q.10 10 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक नीचे दिए गए हैं।
19, 14, 11, 20, 18, 17, 14, 10, 11, 11
दिए गए आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 19
✓ 2. 11
✗ 3. 20
✗ 4. 14

Q.11 P की वर्तमान आयु का चार गुना, Q की वर्तमान आयु से 41 वर्ष अधिक है। 10 वर्ष बाद, Q की आयु का तीन गुना, उस समय P की आयु के सात गुना से 33 वर्ष कम होगा। Q की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 63
✗ 2. 67
✗ 3. 71
✗ 4. 62

Q.12 75 km/hr की चाल से चलने वाली कोई बस एक यात्रा 17 घंटे में पूरा करती है। 5 घंटे में समान दूरी तय करने के लिए उसकी चाल कितनी होनी चाहिए?

Ans
✗ 1. 247 km/hr
✗ 2. 264 km/hr
✗ 3. 261 km/hr
✓ 4. 255 km/hr

Q.13 यदि $3\sin^2\theta + 7\cos^2\theta = 4,\ 0^\circ < \theta < 90^\circ$ है, तो θ का (डिग्री में) में मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 15°
✓ 2. 60°
✗ 3. 45°
✗ 4. 30°

Q.14 किसी संख्या में 70% की वृद्धि करने पर 3230 प्राप्त होता है। संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 5700
✓ 2. 1900
✗ 3. 950
✗ 4. 3800

Q.15 20 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 24 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। इन पुस्तकों पर हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 20% लाभ
✗ 2. $\frac{100}{4}$% लाभ
✗ 3. $\frac{100}{4}$% हानि
✗ 4. 20% हानि

Q.16 26 फरवरी 2024 को जमा की गई और 27 अप्रैल 2024 को निकाली गई ₹4,000 की राशि पर 6.75% वार्षिक दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹43
✗ 2. ₹44
✓ 3. ₹45
✗ 4. ₹46

Q.17 किसी व्यक्ति को एक रुपये में 6 वस्तु बेचने पर 30% की हानि होती है। 40% लाभ अर्जित करने के लिए उसे एक रुपये में कितनी वस्तु बेचनी होंगी?

Ans
✗ 1. 5
✓ 2. 3
✗ 3. 4
✗ 4. 2

Q.18 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्रमशः 83 और 498 है। यदि इनमें से एक संख्या 166 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 230
✗ 2. 166
✗ 3. 332
✓ 4. 249

Q.19 सपना ने ₹21,300 की धनराशि में से कुछ धनराशि 14% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से और शेष धनराशि 11% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की। यदि उसे 3 वर्षों के बाद दोनों निवेशों से बराबर ब्याज प्राप्त होता है, तो 14% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 9,369
✗ 2. 9,374
✓ 3. 9,372
✗ 4. 9,373

Q.20 यदि किसी बेलन की ऊँचाई और त्रिज्या क्रमशः 7 cm और 3 cm है, तो उसका आयतन ज्ञात कीजिए। (π = 3.14 का उपयोग कीजिए)।

Ans
✗ 1. 190.01 cm^3
✗ 2. 193.58 cm^3
✓ 3. 197.82 cm^3
✗ 4. 195.68 cm^3

Q.21 A दो स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक को 22 दिनों में बिछा सकता है और B उसी कार्य को 11 दिनों में पूरा कर सकता है। C की सहायता से, उन्होंने यह काम केवल 4 दिनों में पूरा कर लिया। C अकेले उस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

Ans
✗ 1. $17\frac{4}{5}$ दिन
✗ 2. $11\frac{4}{5}$ दिन
✗ 3. $13\frac{4}{5}$ दिन
✓ 4. $8\frac{4}{5}$ दिन

Q.22 दो क्रमागत सम प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योग 1684 है। संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 42
✗ 2. 48
✓ 3. 58
✗ 4. 66

Q.23 उस सबसे बड़े वृत्त की परिधि (m में) ज्ञात कीजिए जिसे 249 m और 168 m भुजाओं वाले एक आयत के अंदर पूर्णतः खींचा जा सकता है।
($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
✗ 1. 521
✓ 2. 528
✗ 3. 536
✗ 4. 530

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात, सबसे बड़ा है?

Ans
✗ 1. 34 : 77
✗ 2. 36 : 69
✗ 3. 39 : 89
✓ 4. 46 : 75

Q.25 स्नेहा, यश और रोहन ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए क्रमशः ₹1,090, ₹1,170 और ₹1,340 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1,620 है, तो लाभ में रोहन का हिस्सा कितना है?

Ans
✗ 1. ₹602
✗ 2. ₹606
✓ 3. ₹603
✗ 4. ₹605

Q.26 $48^{-17} \div 48^{12} \times 48^{-13}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 48^{-35}
✗ 2. 48^{-37}
✗ 3. 48^{-34}
✓ 4. 48^{-42}

Q.27 यश, 200 km की यात्रा 25 km/hr की चाल से, अगली 210 km की यात्रा 21 km/hr की चाल से और उससे अगली 204 km की यात्रा 51 km/hr की चाल से करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) कितनी है? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
✓ 1. 27.91
✗ 2. 18.68
✗ 3. 27.22
✗ 4. 30.01

Q.28 476 और 491 के बीच कितनी अभाज्य संख्याएं हैं जिनमें दी गयी दोनों संख्याएं भी सम्मिलित हैं?

Ans
✓ 1. 3
✗ 2. 5
✗ 3. 2
✗ 4. 4

Q.29 468 और 476 के बीच आने वाली अभाज्य संख्याओं की संख्या, इन दोनों संख्याओं सहित, ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 0
✗ 2. 5
✗ 3. 1
✗ 4. 2

Q.30 शिवम को उसकी बिक्री राशि में पहले वर्ष में 4% की वृद्धि और दूसरे वर्ष में 25% की वृद्धि प्राप्त हुई; इसके साथ ही, उसकी वर्तमान बिक्री ₹1,40,400 है, दो वर्ष पूर्व उसकी बिक्री (₹ में) कितनी थी?

Ans
✗ 1. ₹1,12,320
✗ 2. ₹88,000
✗ 3. ₹1,35,000
✓ 4. ₹1,08,000

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. PWZ
✗ 2. BIL
✓ 3. YEI
✗ 4. OVY

Q.2 सात बॉक्स C, D, E, M, N, O और P एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में हों।
केवल D को C के ऊपर रखा गया है। केवल E को C और M के बीच रखा गया है। केवल P को N के नीचे रखा गया है।
O और P के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✓ 1. एक
✗ 2. दो
✗ 3. चार
✗ 4. तीन

Q.3 एक निश्चित तरीके से FI 11 का संबंध KN 8 से है। उसी तरीके से, NQ 25 का संबंध SV 22 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OR 17 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✗ 1. JM 11
✗ 2. UW 14
✓ 3. TW 14
✗ 4. TW 15

Q.4 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

32 + 8 × 2 – 12 ÷ 5 = ?

Ans
✗ 1. 87
✓ 2. 88
✗ 3. 89
✗ 4. 85

Q.5 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. MHN
✗ 2. IDJ
✓ 3. SNU
✗ 4. PKQ

Q.6 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 एवं 3 में तोड़ना और फिर 1 एवं 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

24, 66
18, 48

Ans
✔ 1. 30, 84
✘ 2. 20, 56
✘ 3. 22, 58
✘ 4. 28, 74

Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

Z122Y V101U R82Q N65M ?

Ans
✔ 1. J50I
✘ 2. K49L
✘ 3. K50L
✘ 4. J49I

Q.8 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A = B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A $ B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A * B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है।

यदि W $ A = C @ D * R है, तो W का R से क्या संबंध है?

Ans
✔ 1. माता की माता का भाई
✘ 2. माता के पिता
✘ 3. पिता
✘ 4. भाई

Q.9 सात व्यक्ति G, H, I, K, L, M और S, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। I और S के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। M, S के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। H के दाएं कोई नहीं बैठा है। H और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। K, L के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। G और K के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✘ 1. तीन
✘ 2. चार
✘ 3. एक
✔ 4. दो

Q.10 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी ईंट, चम्मच हैं। कोई भी ईंट, क्रिकेट नहीं है।

निष्कर्ष (I): कुछ क्रिकेट, चम्मच हैं।
निष्कर्ष (II): सभी चम्मच, क्रिकेट हैं।

Ans
✔ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.11 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

कुछ होमस्टे, रिसॉर्ट हैं।
कुछ रिसॉर्ट, महल हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ होमस्टे, महल हैं।
(II) सभी महल, रिसॉर्ट हैं।

Ans
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✓ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.12 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

18 23 17 24 16 ?

Ans
✗ 1. 20
✓ 2. 25
✗ 3. 34
✗ 4. 28

Q.13 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LOAN' को '4257' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'NIKE' को '1346' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'N' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
✗ 1. 7
✗ 2. 6
✗ 3. 1
✓ 4. 4

Q.14 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6 6 7 11 20 ?

Ans
✗ 1. 37
✓ 2. 36
✗ 3. 35
✗ 4. 38

Q.15 तीर्थ, बिंदु Y से यात्रा शुरू करके उत्तर की ओर 23 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 27 km ड्राइव करता है। अंतत: वह दाएं मुड़ता है, 12 km ड्राइव करता है और बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 5 km, पूर्व की ओर
✓ 2. 4 km, उत्तर की ओर
✗ 3. 5 km, दक्षिण की ओर
✗ 4. 9 km, पश्चिम की ओर

Q.16 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। D के ऊपर केवल C को रखा गया है। D और E के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। B के नीचे केवल A को रखा गया है। F को E के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। B और F के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✗ 1. चार
✓ 2. दो
✗ 3. एक
✗ 4. तीन

Q.17 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

MUV : QPZ
UKD : YFH

Ans
✗ 1. TLW : XQA
✓ 2. CAL : GVP
✗ 3. SLU : VGX
✗ 4. FCV : KZQ

Q.18 लक्ष्मण बिंदु A से यात्रा शुरू करता है और दक्षिण की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 8 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। अंतत: वह दाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✓ 1. 1 km, पश्चिम की ओर
✗ 2. 4 km, पश्चिम की ओर
✗ 3. 3 km, पश्चिम की ओर
✗ 4. 2 km, पश्चिम की ओर

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित तरीके से CHRX का संबंध HMXD से है। उसी तरीके से, WBPV का संबंध BGVB से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LQHN का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
✗ 1. QVTN
✗ 2. QTYU
✓ 3. QVNT
✗ 4. QTNV

Q.20 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

561 562 564 ? 571 576

Ans
✗ 1. 566
✗ 2. 568
✗ 3. 569
✓ 4. 567

Q.21 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

7 ÷ 4 + 20 – 72 × 6 = ?

Ans
✗ 1. 33
✗ 2. 26
✗ 3. 13
✓ 4. 20

Q.22 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'DELT' को '1473' और 'BLED' को '7234' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'B' का कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 3
✗ 2. 4
✗ 3. 7
✓ 4. 2

Q.23 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

FIL ADG VYB QTW ?

Ans
✗ 1. ROL
✗ 2. LRO
✓ 3. LOR
✗ 4. RLO

Q.24 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

18 A 3 D 8 B 2 C 12 = ?

Ans
✗ 1. 12
✗ 2. 7
✓ 3. 2
✗ 4. 10

Q.25 सात डिब्बे G, H, I, K, L, M और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। I और K के बीच केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। I के ऊपर केवल S को रखा गया है। M और G के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। H को L के ठीक ऊपर रखा गया है। G को H के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। ऊपर से चौथे स्थान पर कौन-सा डिब्बा रखा है?

Ans
✗ 1. M
✓ 2. H
✗ 3. G
✗ 4. L

Q.26 यदि संख्या 95423671 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे तथा दाएं से चौथे अंकों का योग कितना होगा?

Ans
✓ 1. 8
✗ 2. 10
✗ 3. 9
✗ 4. 11

Q.27 L, M, N, O, Q, R, और S एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर मुंह करके बैठे हुए हैं। R, O के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। S के बाएं गिनने पर O और S के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। L के दाएं गिनने पर Q और L के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N, Q का निकटतम पड़ोसी है। M के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ 1. L
✗ 2. Q
✗ 3. N
✓ 4. R

Q.28 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. FI-KD
✗ 2. JM-OH
✓ 3. CF-HB
✗ 4. NQ-SL

Q.29 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) @ 3 5 1 7 % @ 2 © 1 © © 4 4 9 & © 1 © £ 5 5 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
✗ 1. 3
✗ 2. 4
✓ 3. 2
✗ 4. 1

Q.30 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंको वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 475 648 857 591 362 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)

यदि प्रत्येक संख्या के तीसरे अंक में 1 जोड़ दिया जाए, तो कितनी संख्याएँ सम हो जाएंगी?

Ans
✗ 1. दो
✗ 2. एक
✗ 3. एक भी नहीं
✓ 4. तीन